Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

Application of Artificial Intelligence in Fodder Production and Conservation

Aabid Hassan Khan* Kaiser Parveen**

*Assistant Professor (Commerce) Govt. College, Jamgaon R, Bharar, Durg (C.G.) INDIA
**Asst. Professor (Animal Genetics & Breeding) College of Veterinary Science & A.H, Anjora, Durg (C.G.) INDIA

Introduction - Artificial intelligence (AI) is a field of study that involves building machines and computers that can learn, reason, and act in ways that usually require human intelligence. AI systems use algorithms to learn from data, and these algorithms are sets of rules that guide the AI's analysis and decision-making. AI systems also test and measure their own performance after each round of data processing, and use this information to develop additional expertise. AI enables technical systems to perceive their environment, deal with what they perceive, solve problems and act to achieve a specific goal.

Artificial intelligence has wide application in livestock management also.The advent of artificial intelligence (AI) has revolutionized livestock farm management. In animal and poultry farm management, AI technology is employed to collect and analyze data for enhanced decision-making and optimization of farming operations. Through the use of sensors, IoT devices, and data analytics, AI systems can monitor and assess animal behavior, health parameters, and production performance. Utilizing machine learning algorithms, AI can process vast amounts of genetic data, enabling breeders to identify desirable traits and predict breeding outcomes accurately. This facilitates the selection of superior animals for reproduction, genetic diversity preservation, and the development of healthier and more productive livestock. AI and agritech solutions can optimise fodder production. The application of AI technology covers animal feed formulation and production management, animal feeding environment monitoring and regulation, animal health management. Sensors and IoT technology are used for real-time monitoring and regulation of the feeding environment, improving the animal growth environment.

Lack of feed may significantly impact the general expense of farming and the health of the animals. According to the studies, feed costs can account for 50-70% of the total variable costs in livestock production. Limited feed availability can result in inadequate nutrition for cattle, impairing their immune systems, increasing their susceptibility to infections, and diminishing their growth rates and milk output.

1. AI-driven soil analysis systems use machine learning techniques to evaluate vast amounts of data from soil sample analysis. With these instruments, comprehensive knowledge of the organic matter content, pH balance, soil nutrient levels, and other important markers of soil health can be obtained.
2. Analyzing environmental data and livestock needs to optimize forage selection and cultivation. This system streamlines decision-making, ensuring that suitable forage types are grown efficiently through predictive analytics and automated processes. Automated forage planning simplifies and maximises yields, promoting farm's sustainability and livestock well-being.
3. Forage production can optimise water consumption and provide reliable, adequate watering to increase output using AI-driven irrigation systems. These systems maximise production while conserving water resources by modifying watering schedules depending on crop requirements, soil moisture levels, and weather forecasts, utilising real-time data and predictive analytics.
4. AI-driven precision seeding tools enhance seed planting accuracy and fodder development. These devices use AI algorithms to modify seeding plans based on soil conditions and weather projections.
5. AI based suggestions to choose forage species compatible with your soil and climate to improve feed diversity and quality and that grows well in region.
6. Drones and AI-enabled sensors monitor forage fields in real time, gathering vital information on growth rates, insect infestations, and general field health.

AI and agritech optimize resource allocation and minimize waste, lowering fodder production costs. Precision irrigation, artificial intelligence (AI) soil analysis and automated machinery are intelligent technologies that increase productivity, reduce input costs, and improve output consistency. This simplified method encourages sustainable agricultural methods while optimizing returns.



Despite the challenges of multi perspective, multi-scale, multi scenario, and small sample size faced by smart animal husbandry, the application of AI technology in animal husbandry has significantly improved production efficiency and management level, demonstrating more significant advantages compared to traditional technologies. In conclusion, AI technology offers immense potential for improving animal and poultry farm management, nutrition as well as animal breeding. With the ability to analyze, and utilize data in real time, AI enables better decision-making, enhanced efficiency, and improved animal welfare.

References:-

1. Fang Rejun, Hu Shengjun, Fang Chengkun (2019) A brief discussion on several issues in the design of feed formulas for precise nutrition of livestock and poultry. *Feed Industry* (09): 1-5. DOI: 10.13302/j.cnki.fi.2019.09.001.
2. Henna Hamadani , Ambreen Hamadani , Shabia Shabir, Artificial intelligence in animal farms for management and breeding. *Science Direct*: 167-182. DOI: 10.1016/B978-0-443-24001-0.00011-7.
3. Liu Li'an, Zhang Haijun, Ma Limei,The current status and prospects of the application of smart breeding technology in the prevention and monitoring of animal husbandry diseases. *Agricultural Engineering Technology* (11): 74-75.DOI: 10.16815/j.cnki.11-5436/s.2024.11.031.
4. L. Shi, Application of Artificial Intelligence in Animal Nutrition and Feed Science. Proceedings of the 4th *International Conference on Public Administration, Health and Humanity Development (PAHHD 2024)* Advances in Social Science, Education and Humanities Research pg 187-194. DOI: 10.2991/978-2-38476-295-8_23

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

स्वामी दयानन्द सरस्वती के शिक्षा दर्शन का वर्तमान भारतीय शिक्षा पद्धति में महत्व : एक अध्ययन

निशा सियाग* डॉ. वन्दना दुआ**

* शोधार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** सह आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्रस्तुत प्रपत्र में स्वामी दयानन्द सरस्वती के शिक्षा दर्शन का वर्तमान भारतीय शिक्षा पद्धति में महत्व के संदर्भ में उल्लेख किया गया है। उन्नीसवीं सदी का अंतिम चरण भारतीय संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों में पुनर्जागरण का काल माना जाता है। किंतु इससे पूर्व भी स्वामी दयानन्द ने अपने धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक सुधार आंदोलन द्वारा इस राष्ट्रीय चेतना के विकास का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। पाश्चात्य सभ्यता, संस्कृति और शिक्षा दर्शन के दुष्प्रभावों से आहत भारतीय शिक्षा पद्धति के सम्मुख उन्होंने चिरकाल से विस्मृत वैदिक धर्म की शिक्षा एवं संस्कृति का न केवल उज्जवल आदर्श प्रस्तुत किया है बल्कि आत्मसम्मान की भावना जागृत की और आधुनिक शिक्षा के अनुसार उन्नति करते हुए अतीत से भी प्रेरणा लेने पर बल दिया। प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति को वो विद्यार्थियों के शारीरिक मानसिक, नैतिक व चारित्रिक उत्थान के लिए आवश्यक समझते थे।

परिचय – शिक्षा का सम्बन्ध व्यक्ति के जीवन की प्रारम्भिक अवस्था से ही रहता है। शिक्षा व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त निरन्तर चलने वाली गतिशील प्रक्रिया है जिसके माध्यम से ही व्यक्ति सतत् सीखता रहता है। यह सीखना ही उसकी शिक्षा है।

एक शिक्षा, समाज की आधारशिला है। समाज में जैसी शिक्षा होगी, वैसा ही समाज होगा और जैसा समाज होगा वैसी शिक्षा होगी।

शिक्षा – शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा की 'शिक्ष्' धातु में 'अ' प्रत्यय लगाने से बना है। 'शिक्ष्' शब्द का अर्थ सीखना और सिखाना होता है। अत: 'शिक्षा' शब्द का अर्थ हुआ सीखने-सिखाने की क्रिया।

दर्शन – 'दर्शन' शब्द पाणिनीय व्याकरण के अनुसार 'दृशिप्रेक्षणे' धातु से ल्युट् प्रत्यय लगाने पर निष्पन्न होता है। अत: दर्शन का शाब्दिक अर्थ है-दृष्टि या देखना, जिसके द्वारा देखा जाए या जिसमें देखा जाए।

शिक्षा दर्शन – साधारण अर्थ में शिक्षा पद्धत्ति दर्शन की ही एक शाखा होती है जिसमें दार्शनिक सिद्धान्तों का प्रयोग किया जाता है।

हमारी दृष्टि में शिक्षा दर्शन को इस रूप में परिभाषित किया जा सकता है :- 'शिक्षा दर्शन शिक्षा शास्त्र की वह शाखा है जिसमें शिक्षा के सम्प्रत्ययों, उद्देश्यों, पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियों एवं शिक्षा सम्बन्धी अन्य समस्याओं के सन्दर्भ में विभिन्न दार्शनिकों एवं दार्शनिक सम्प्रदायों के विचारों का आलोचनात्मक अध्ययन किया जाता है।'

जीवन परिचय – 12 फरवरी 1824 को टंकारा में मोरबी के पास गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र में जन्मे स्वामी जी के बचपन का नाम मूलशंकर था। बचपन से जीवन पर्यन्त उन्होंने कर्मकाण्ड, वैदिक ग्रन्थों, सम्पूर्ण संस्कृत व्याकरण और अन्य साहित्य का अध्ययन किया।

बचपन से स्वामी जी पर वेदों ने अमिट छाप छोड़ी। जिसके कारण स्वामी जी के विचारों में समाज का शुद्धिकरण व चारित्रिक उत्थान प्रमुख रहा। उनका सम्पूर्ण जीवन भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में व्यतीत हुआ। विदेशी शिक्षण पद्धत्ति को हटाने के लिए सदा संघर्षरत रहे जिसके कारण उनको अंग्रेजों की प्रबल शत्रुता का सामना करना पड़ा। इसी शत्रुता के अन्तर्गत 30 अक्टूबर 1883 में अजमेर में स्वामी जी पंचतत्व में विलीन हो गये।

शिक्षा के क्षेत्र में योगदान – स्वामी जी की शिक्षा सम्बन्धी धारणाओं में दूरदर्शिता, देशभक्ति, नैतिकता प्रमुख थीं। स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने ही सर्वप्रथम 'स्वराज' और 'स्वदेशी' की धारणा को प्रकट किया। स्वामी जी का मानना था कि जब हमारे देश में ज्ञान का भण्डार है तो बाहरी स्रोत की हमें क्या आवश्यकता है। वे समाज सुधारक, राष्ट्रवादी, और राजनैतिक आदर्शवादी थे।

स्वामी जी ने अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए शिक्षा का वो स्वरुप प्रस्तुत किया जिससे बचपन से लेकर जीवनपर्यत मनुष्य का सर्वांगीण विकास, नैतिक उत्थान, व्यावसायिक सम्बलता, खुशहाल जीवन की प्राप्ति हो सके। उन्होंने बड़ी बारीकी से जीवन के हर पक्ष को ध्यान में रखकर शिक्षा पद्धत्ति प्रस्तुत की।

स्वामी जी के अनुसार भोजन, आचार-विचार, वेश-भूषा, चरित्र निर्माण तथा लोकाचार में निपुणता की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। वह वेद-पठन-पाठन, मातृभाषा व संस्कृत भाषा में शिक्षा का समर्थन करते थे।

स्वामी जी ने प्राचीन गुरुकुल प्रणाली का समर्थन किया जिसमें विद्यार्थी ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए गुरु के आश्रम में शिक्षा प्राप्त कर सके। वे बालकों के सर्वांगीण विकास पर बल देते थे। उनका मानना था कि शास्त्रों के साथ-साथ छात्रों को जीवनयापन के लिए सहयोगी शिक्षा भी प्रदान की जानी चाहिए। स्वामी जी ने शिक्षा को सभी का अधिकार बताते हुए बालक-बालिकाओं दोनों के लिए समान रूप से अनिवार्य बताया। उनका मानना था कि जब तक नारी शिक्षित नहीं होगी, तब तक घर-परिवार, समाज में पूर्णतया ज्ञान का प्रकाश नहीं फैलेगा।

- वे मनुष्य मात्र को शिक्षित करना चाहते थे।
- उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान चलाया।

- उन्होंने नारी–शिक्षा के अधिकार को समर्थन दिया।
- सबको वेद–अध्ययन का अधिकार
- गुरुकुल–शिक्षा
- हिन्दी भाषा का समर्थन
- प्रथम अनाथ आश्रम की स्थापना जहाँ खाना, कपड़े, और 'शिक्षा' निशुल्क दी जाती थी।
- 1875 में मुम्बई में आर्य समाज की स्थापना की।
- 1886 में लाहौर में स्वामी जी के समर्थक लाला हंसराज द्वारा दयानन्द एंग्लों वैदिक कॉलेज की स्थापना की।
- शिक्षा द्वारा सभ्यता, धार्मिकता, ज्ञान संयमता आदि शक्तियों की वृद्धि करना।
- यथार्थवादी, आदर्शवादी, प्रयोजनवादी, प्रकृतिवादी दर्शनों से परिपूर्ण शिक्षण का प्रचार।

वर्तमान भारतीय शिक्षा पद्धति– शिक्षा का वास्तविक अर्थ है ज्ञान अर्जित कर अपने जीवन का सर्वांगीण विकास करना स्वहित और परहित में प्रयत्नशील रहना। परन्तु क्या आज का विद्यार्थी ऐसी शिक्षा प्राप्त कर रहा है। हमारा उत्तर 'नहीं' ही होगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षों बाद भी हमारे देश में देशवासी साक्षरता से अधिक कुछ अर्जित नहीं कर पाए। हम आज भी लार्ड मैकाले द्वारा लागू लुंज पुंज शिक्षा प्रणाली का अनुसरण करते आ रहे हैं। जो शिक्षा प्रणाली लार्ड मैकाले ने लागू की थी वो केवल हमारे देश का विनाश करने और स्वयं के साम्राज्य को चलाने हेतु नौकर तैयार करने के लिए की थी।

आज भी उसी प्रकार की शिक्षा दी जा रही है जिसका एक मात्र उद्देश्य सफलता प्राप्त करना और प्राप्तांको की श्रेष्ठता का दंभ भरना मात्र रह गया है। ऐसी शिक्षा प्रणाली से युवक केवल कागज ही इकट्ठा कर पाते हैं। विद्यार्थी साक्षर तो हो जाते हैं परन्तु शिक्षित नहीं। विदेशी प्रभावों से युक्त होने के कारण विद्यार्थियों का नैतिक पतन होता जा रहा है। आत्म बोध देश बोध, राष्ट्र बोध एवं मानवीयता का बोध तक दे पाने में यह शिक्षा सफल नहीं कहीं जा सकती है। वास्तविकता तो यह है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली से सुशिक्षा का अस्तित्व संकट में हैं।

निष्कर्ष – स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपनी शिक्षा योजना में प्राचीन एवं आधुनिक भारतीय आर्दशों का उत्ताम समावेश किया हैं। शिक्षा को सभी प्रकार की विभिन्नताओं से अलग रखकर सबको समान रूप से शिक्षा–प्राप्ति का अधिकार प्रदान किया है।

स्वामी जी ने कहा है :–'स्वस्थ मस्तिष्क के सब व्यक्ति इस बात से सहमत होंगे कि शिक्षा का अधिकतम लाभ तभी उठाया जा सकता है, जब उसे राष्ट्रीय चरित्र एवं स्वरूप में ढाल दिया जाय। वस्तुत: शिक्षा के स्वरूप को इस प्रकार निर्धारित किया जाना चाहिए कि वह उन प्राकृतिक बन्धनों को, जो भारतीयों को एक सूत्र में बांधते हैं और अधिक दृढ़ बनाएँ एवं उनमें समान राष्ट्रीयता का विकास करें।'

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. लाल, रमन बिहारी : शिक्षा के दार्शनिक और समाजशास्त्रीय सिद्धान्त रस्तोगी पब्लिकेशन, शिवाजी रोड़, मेरठ –250002
2. ओड, डॉ. लक्ष्मीकान्त के. :शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय सिद्धान्त, रस्तोगी पब्लिकेशन्स, शिवाजी रोड़, मेरठ – 250002
3. लेखराम : स्वामी जी का जीवन चरित्र हरिशचन्द्र विद्यालंकार द्वारा सम्पादित आर्य प्रतिनिधि सभा, पंजाब– 1972
4. डॉ. सुरेन्द्र कुमार: महर्षि दयानन्द वर्णित शिक्षा पद्धति, वैदिक अनुसंधान सदन रोहिणी, दिल्ली
5. शर्मा, डॉ. रामनाथ :भारतीय शिक्षा दर्शन, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा–1971
6. सेठ, कीर्ति देवी: भारतीय शिक्षा–दार्शनिक,वैदिक प्रकाशन, 34, लूकरगंज, इलाहाबाद

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सूचना तकनीकी अभिवृत्ति का उनकी शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास के सम्बन्ध में अध्ययन

डॉ. गुंजन शर्मा* पारूल शर्मा**

* सहायक आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सूचना तकनीकी अभिवृत्ति का उनकी शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान राज्य के बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले में राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कार्यरत 600 शिक्षकों पर किया गया है। शिक्षकों की सूचना तकनीकी अभिवृत्ति जानने हेतु सूचना तकनीकी अभिवृत्ति मापनी (नसरिन एवं फातिमा लस्लहि), शिक्षण दक्षता जानने हेतु शिक्षण दक्षता मापनी (बी.के. पासी एवं एम.एसललिथा) तथा व्यवसायिक विकास जानने हेतु व्यवसायिक विकास मापनी (योदिदा बुतिआ) का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति, शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास में परस्पर सहसम्बन्ध पाया गया।

शब्द कुंजी – सूचना तकनीकी अभिवृत्ति, शिक्षण दक्षता, व्यवसायिक विकास, राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय, शिक्षक।

प्रस्तावना – आधुनिक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके आज हम शिक्षण व प्रशिक्षण की पारंपरिक विधियां एवं माध्यमों में सुधार कर सकते हैं तथा उन्हें और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। शिक्षा में संचार प्रौद्योगिकी का प्रभावी एवं अधिकतम उपयोग शिक्षक तथा विद्यार्थियों के बीच की नीरसता को खत्म कर सकता है। संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग ने आज अधिगम प्रक्रिया को छात्र केंद्रित तथा स्व केंद्रित बना दिया है। आज प्रौद्योगिकी की सहायता से विद्यार्थी अपनी गति से कहीं भी तथा कभी भी सीख सकते हैं तथा दक्षता हासिल कर सकते हैं।

शिक्षा हमारे जीवन का अह्म हिस्सा है। जिस प्रकार शरीर को कायम रखने के लिए भोजन की आवश्यकता है उसी प्रकार समाज के अस्तित्व के लिए शिक्षा अनिवार्य है। शिक्षा आवश्यक रूप से सामाजिक कार्य है ,समाज इस कार्य को विद्यालय को सौपता है, और उस पर बालकों को इस प्रकार शिक्षित करने का दायित्व डालता है जिससे कि वे समूह के जीवन में कुशलतापूर्वक भाग ले सकें, बालकों को शिक्षित करने का दायित्व शिक्षकों का होता है। शिक्षक एक अच्छे समाज का निर्माण करता है जो एक पीढ़ी से दूसरे पीढी हस्तांतरित होती है। शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य हेतु कई प्रयास करने होते, आने वाली पीढ़ी के लिए एक नए ज्ञान की प्राप्ति के लिए हमेशा तैयार रहते है, नए ज्ञान की प्राप्ति प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त कर कक्षा–गत शिक्षण को प्रभावशाली बनाते है, एवं राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा सूचना तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षा के स्तर को बढ़ाते है।

शिक्षा तकनीकी के विकास के कारण ज्ञान का विकास हुआ है। ज्ञान में वृद्धि शोध कार्यो के कारण होती है। वर्तमान समय में वैज्ञानिक शोध कार्यो को अधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है। शोध कार्यो में प्रदत्तों का संकलन करना एवं विश्लेषण करना प्रमुख कार्य होता है। शोध कार्यो को कम्प्यूटर के प्रयोग नें अधिक सुगम बना दिया है। शिक्षा के सभी क्षेत्रों में आज विभिन्न यंत्रों एवं मशीनों का प्रयोग किया जाने लगा है जिससे शिक्षा का यंत्रीकरण हो गया है। इसे हार्डवेयर तकनीकी के नाम से भी जाना जाता है। वो उन तक सूचनाओ को बिना किसी परेशानी के इन्टरनेट के माध्यम से उपलब्ध कराता है शिक्षक तकनीकी का उचित और प्रभावी ढंग से उपयोग करने में कुंजी की भूमिका निभाते है और प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच बातचीत, साझाकरण और अधिगम को बढ़ाती है।

राना (2012) के अनुसार सूचना तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है, तथा शिक्षक प्रशिक्षकों का सूचना व संचार तकनीकी अभिवृत्ति के प्रति सकरात्मक दृष्टिकोण देखा गया है। शिक्षक अपनी शैक्षिक योग्यता को बढ़ाने के लिए प्रयास करते रहते है। शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निम्न कार्यक्रम में भाग लेना पड़ता है– सेमीनार, कार्यशाला, रिफ्रेशर कोर्स, लेखन कार्य, अनुसंधान कार्य आदि, जिससे उनका व्यावसायिक विकास होता है, एवं शिक्षण दक्षता का स्तर भी बढ़ता है। यदि शिक्षक समय के अनुसार न चल कर अपनी गति को धीमी कर लेगें तो पिछड़ जाऐगें जिससे शिक्षा का स्तर प्रभावित होगा, और एक नयी ज्ञान की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होगा और उनका व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण दक्षता में प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

प्रस्तुत शोध का महत्व –प्रत्येक देश में शैक्षिक परिवर्तन होते रहते है। जिसमें कई शिक्षा नीतियां बनती है। तथा शिक्षा की व्यवस्था में परिवर्तन किए जाते है। देश में तकनीकी परिवर्तन भी होते है। समाज में भी बदलाव आता रहता है। इन परिवर्तनो के कारण बहुत सी समस्याएँ भी उत्पन्न होती है। इन्ही समस्याओं में से एक नयी समस्या का जन्म होता है और आज के समय में शिक्षकों के लिए सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यावसायिक

विकास, शिक्षण दक्षता एक बड़ी समस्या है जिसका अध्ययन करना आवश्यक हो गया है। अनुसंधान के माध्यम से हम इस समस्या का समाधान कर सकते है। अनुसंधान के इस महासागर में इस समस्या का अध्ययन आवश्यक हो गया है। अनुसंधान रूढ़िगत विचारों एवं व्यवहारों में सुधार का मार्ग प्रस्तुत करता है। आज के शिक्षक नवाचार को अपनाते है। गोयल (2010) अध्ययन के अनुसार शिक्षा शिक्षकों को तैयार करता है तथा शिक्षार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मद्द करता है। एवं शिक्षक शिक्षा में नवाचार के उपयोग के प्रति सकरात्मक प्रभाव पाया गया। जो शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए हितकर है। इस प्रकार सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यावसायिक विकास, शिक्षण दक्षता का अध्ययन आवश्यक है।

वर्तमान परिस्थितियों में तकनीकी, संचार माध्यमों की प्रगति व शैक्षिक दक्षताओं में त्वरित परिवर्तन के परिणाम स्वरूप शिक्षक में व्यावसायिक विकास, शिक्षण दक्षताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षकों में अत्याधिक कार्यभार, वेतन विसंगतियाँ, अतिरिक्त कार्य, शाला व संगठन का वातावरण उनके कार्य को प्रभावित करता है। जो शिक्षक में कार्य के प्रति उत्साह व रूचि में कमी लाता है। अत: उपरोक्त अध्ययन के परिप्रेक्ष्य में शोधकर्त्री के मन में निम्नलिखित जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि क्या शिक्षकों के सूचना तकनीकी अभिवृत्ति का उनके व्यावसायिक विकास पर प्रभाव पड़ता है? क्या शिक्षकों के सूचना तकनीकी अभिवृत्ति का उनके शिक्षण दक्षता पर प्रभाव पड़ता है? क्या शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण दक्षता में आपस में संबंध है? क्या शिक्षकों के सूचना तकनीकी अभिवृत्ति का लिंग एवं परिवेश पर प्रभाव पड़ता है? इन समस्त प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने के लिए शोधकर्त्री ने शिक्षकों के सूचना तकनीकी अभिवृत्ति का उनके व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण दक्षता पर प्रभाव को अपने शोध विषय के रूप में चुना।

समस्या कथन – 'उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सूचना तकनीकी अभिवृत्ति का उनकी शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास के सम्बन्ध में अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

सूचना तकनीकी अभिवृत्ति – सूचना तकनीकी एक विस्तृत क्षेत्र है, जिसमें सूचना के संचार के लिये हर तरह की तकनीकी समाहित है। यह वो तकनीकी है जो कि सूचना के संचालन (रचना, भंडारण और उपयोग) की योग्यता रखता है।

सूचना तकनीकी अभिवृत्ति से तात्पर्य शिक्षकों के शिक्षण व्यवहार में सूचना तकनीकी का प्रयोग कर ज्ञान में वृद्धि करना एवं इनका मुख्य कार्य नीति निर्धारण, प्रभावी निर्णय व संगठन का व्यवसाय निर्धारित करना है। तकनीकी के द्धारा कक्षा व्यवहार में परिर्वतन एवं सुधार करना तथा जो शिक्षक की प्रभावशीलता बढ़ाता है और शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक समृद्ध करता है।

शिक्षण दक्षता – शिक्षण दक्षता से तात्पर्य अधिगम में वृद्धि करना तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के व्यवहार में परिवर्तन एवं उनकी दक्षता विकसित करना होता है। शिक्षण एवंप्रशिक्षण किसी भी वस्तु के सैद्धांतिक पक्षों तथा ज्ञान के प्रतिपादन से सम्बन्धित होता है एवं इनका सम्बन्ध व्यवहार परिर्वतन तथा कौशल विकास से होता है।

शिक्षक के व्यक्तित्व का प्रभाव उसकी शिक्षण कला पर अवश्य पड़ता है और उसकी दक्षता का प्रभाव उसके व्यक्तित्व पर पड़ता है। इस प्रकार से शिक्षक के लिए उसका व्यक्तित्व और दक्षता ठीक उसी प्रकार है जिस प्रकार जहाज में पाल होता है। बिना दक्षता और व्यक्तित्व के शिक्षक अपने शिक्षण में छात्रों को शिक्षण देने में प्रभावशाली नहीं रह पाता है जैसे समुद्र मे कोई जहाज बिना पाल के होता है और तूफान आने पर डूब जाता है शिक्षक की दक्षता उसके शिक्षण का सम्बन्ध बहुत कुछ इसी प्रकार का है, और इस सम्बन्ध को हम उसकी दक्षता और उसी योग्यता के नाम से जानते हैं।

व्यवसायिक विकास – व्यावसायिक विकास से तात्पर्य शिक्षकों के प्रशिक्षण व्यवस्था से है। एक सक्षम, आत्मनिर्भर, अनुशासित, चरित्रवान, आदि गुणों से युक्त विद्यार्थी के लिए आवश्यक है, उसकी उच्च कोटि की शिक्षा व्यवस्था, जो न केवल पाठ्यक्रम से पूरी की जा सकती है बल्कि उसके लिए एक योग्य शिक्षक की भी आवश्यकता होती है। इसी आवश्यकता की पूर्ति हेतु शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे शिक्षकों का व्यावसायिक विकास होना संभव है।

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं शिक्षण दक्षता के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यवसायिक विकास के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :–

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं शिक्षण दक्षता में सार्थक सहसम्बन्ध है।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध है।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध है।

न्यादर्श :–प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में उच्च माध्यमिक स्तर के राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कार्यरत 600 शिक्षकों को यादृच्छिक विधि से चयनित किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :–

1. सूचना तकनीकी अभिवृत्ति मापनी (नसरिन एवं फातिमा लस्लहि)
2. शिक्षण दक्षता मापनी (बी.के. पासी एवं एम.एसललिथा)
3. व्यावसायिक विकास मापनी (योदिदा बुतिआ)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन –

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं शिक्षण दक्षता में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या – 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
सूचना तकनीकी अभिवृत्ति	600	122.41	10.552	0.029	स्वीकृत
शिक्षण दक्षता	600	220.81	9.142		

व्याख्या :– परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं शिक्षण दक्षता सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त

का मान 0.029 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं शिक्षण दक्षता में सार्थक सहसम्बन्ध हैं, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं शिक्षण दक्षता में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या – 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
सूचना तकनीकी अभिवृत्ति	600	122.41	10.552	0.072	स्वीकृत
व्यवसायिक विकास	600	110.73	13.940		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यवसायिक विकास सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.072 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध हैं स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में सूचना तकनीकी अभिवृत्ति एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या – 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
शिक्षण दक्षता	600	220.81	9.142	1.567	स्वीकृत
व्यवसायिक विकास	600	110.73	13.940		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षण दक्षता अभिवृत्ति एवं व्यवसायिक विकास सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.020 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध हैं स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों में शिक्षण दक्षता एवं व्यवसायिक विकास में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

शैक्षिक सुझाव –

1. शिक्षकों को अपने कार्यो के प्रति ईमानदारी एवं सजगता होनी चाहिए।
2. शिक्षकों में आत्म विश्लेषण की भावना होनी चाहिए।
3. विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में सहयोग हेतु अधिक समय प्रदान करना चाहिए।
4. विद्यालय में सूचना तकनीकी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।
5. वद्यालय में स्नेहपूर्ण वातावरण होना चाहिए ताकि शिक्षकों में आपसी सामंजस्य बन रहे ताकि शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति हो सके।

भावी शोध हेतु सुझाव –

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों तथा शिक्षकों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता ने राजकीय व गैर राजकीय उचच माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को ही शामिल किया है। आगामी शोध के लिए अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को लेकर शोध कार्य किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आर्य बी.एल. (2000): 'शिक्षा में तकनीकी बढलाव' : शिविरा पत्रिका, मा. शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, वर्ष–40, अंक–10, अप्रैलकपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
2. गुप्ता, विनिता. एवं तिवारी, भावना (2012) शिक्षा में संचार माध्यमों की उपादेयता, नई शिक्षा. वॅर्ष 61, अंक 10, जयपुर: बनिपार्क. पृ.सं. 5–9।
3. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
4. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407–430)
5. ठोंबरे, सुनिता (2015). शिक्षकों की कक्षा शिक्षण दक्षता का अध्ययन, राष्ट्रीय संगोष्ठी, शिक्षा, व्यवसाय, प्रबन्ध एवं भारतीय जीवन मूल्य–एक चिंतन, उदगम विज्ञाति, वॉ. 2, पृ. 81–87
6. पाल, राजेन्द्र (20110), 'शिक्षक–प्रशिक्षकों का सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रति दृष्टिकोण एवं इसकी सुगमता', भारतीय आधुनिक शिक्षा, एन.सी.ई.आर.टी. पब्लिकेशन्स, अक्टूबर 2011।
7. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट
8. मिश्र, सर्वेश कुमार (20180. रीवा जिले के प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर दक्षता आधारित शिक्षण प्रक्रिया के पश्चात् छात्रों के अधिगम स्तर का अध्ययन, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस एजुकेशन रिसर्च, वॉ. 3, इश्शू–2, पृ. 15–18
9. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व, आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

हिन्दी उपन्यासों में नवीन अंचल एवं सामाजिक चेतना

डॉ. पूजा धमीजा* प्रवीण जाखड़**

* सह आचार्य (हिन्दी) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (हिन्दी) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्रेमचन्द्र युग मे हिन्दी उपन्यास के नये आयाम मे प्राय: दो प्रवृत्तियो का विशेष योगदान रहा। एक प्रवृत्ति थी मनोवैज्ञानिक यथार्थवाद की और दूसरी सामाजिक उपन्यास यथार्थवाद की। स्वतंन्त्रता के पश्चात् ये दोनो धाराएं अनेक सुक्ष्म बातो से संश्लिष्ट होकर बहुत तीव्र और विशिष्ट रूप मे विकसित होने लगी। दोनो धाराएं के मूल मे पश्चिम के दो मनीषियों की प्रेरणा थी जिन्होने यद्यपि साहित्य के क्षेत्र मे कोई प्रत्यक्ष स्थापनाएं नही की, न साहित्य की सर्जना ही की तथाापि जिनके व्यष्टि एवं समष्टिगत जीवन पद्धति के विवेचन विश्लेषण ने विश्वभर के चिन्तन को प्रभावित कियां ये दोनो मनीषी है फ्रायड और मार्क्स। प्रथम धारा सामाजिक उपन्यसों की थी, जिसके अर्न्तत समाजवादी तथा यथार्थवादी उपन्यासो की गणना की जाती है और दुसरी धारा थी, मनोवैज्ञानिक उपन्यासों की, जिनका सम्बन्ध वस्तुत: मानव मन मे छिपे रहस्यो का उद्घाटन करना था। अज्ञेय और इलाचन्द्र जोशी के नेतृत्व मे यह दूसरी धारा अपने प्रखर वेग के साथ प्रवाहमान था। स्वतन्त्रता के बाद उसी समय सागर मे उठने वाली तरंगो के घात-प्रतिघात के जो कडवे- मीठे अनुभव हा रहे हमारा यह मनोवेज्ञानिक कथाकार उनसे बेखबर बना रहना चाहता था अथवा बेखबर था । घात-प्रतिघातजन्य इन कडवे-मीठे अनुभवो-सामयिक सन्दर्भो को संश्लिष्ट अभिव्यक्त करने का महत्वपूर्ण कार्य किया आचंलिक उपन्यास सें।

सामाजिक चेतना बनाम आंचलिकता – सामाजिक चेतना की दृष्टि से हिन्दी के आंचलिक उपन्यासों का शिल्प भले ही प्रेमचन्द्र के निकट पडता हो, किन्तु अपने स्वरूप और दृष्टि मे यह बहुत भिन्न है यह स्वतंन्त्रता के पश्चात् हिन्दी उपन्याास की विशेष उपलब्धि है। नयी कविता और नये कहानी मे जिस प्रामाणिक अनुभव की अभिव्यक्त हुई, वही प्रकारान्तर से आंचलिक उपन्यासों मे भी स्पायित हुआ। इस विशेष भूभाग-जन्य प्रमाणिक अनुभव ने कथा-विन्यास, चरित्र-रचना और शिल्प-नियोजन को एक क्रान्तिकारी नवीनता प्रदान की। आचंलिक उपन्यासों को जनतान्त्रिक भावना की सच्ची अभिव्यक्त भी कह सकते है। स्वाधीनता-प्राप्ति के पश्चात् गांवो या पिछडे इलाको तथा जन सामान्य को जो आत्मसत्ता का महत्व अनुभव हुंआ है उसी का परिणाम है कि लेखकों ने किसी पात्र या मूल्य या जीवन परिपाटी को विशेष महत्व न देकर सुख-दु:ख का सच्चा जीवन भोगने वाले यथार्थ लोगो की ओर देखा और उनके माध्यम से एक भुभाग की समूची जिन्दगी को उसकी समस्त घनता संश्लिष्टता के साथ उद्घाटित किया।

बीसवी सदी के उत्तरार्द्ध मे हिन्दी उपन्यास मे आंचलिकता का अभ्युदत हुआं यह उस राष्ट्रीय चेतना के परिणामस्वरूप हुआ जो विश्वमंच पर अपनी विशिष्टता को प्रतिष्ठापित करने को उत्सुक थी , यो तो हिन्दी उपन्यास मे आचंलिक का पुट पहले भा रहा है। उसके कुछ तत्व बीज रूप मे विद्यमान रह है। किन्तु उसका पूर्ण विकास हिन्दी उपन्यास की अभिनव, सिद्धि है। स्वातन्त्रयोतर हिन्दी उपन्यास मे जो अत्यन्त स्वस्थ एवं नवीन रूप प्रस्फुटित होकर आये, उनमे आंचलिक उपन्यास उल्लेखनीय है। इस समय तक आंचंलिक के ग्रहण केलिए देश की परिस्थतियों का काफी हद तक तैयार हो चुकी थीं और राष्ट्रीयता के उदार दृष्टिकोण का रूख उन भूखण्डो, अंचलो या प्रदेशो की ओर मुड गया था जिनमे आदिवासी समाज, जन-जातियों या पिछडे हुए वर्ग थें और जो भौगोलिक अंचल अपनी समृद्धि मे राष्ट्र की भाति थें। इन भण्डारों की ओर अब नई दृष्टि से देखा जाने लगा था। जो लोकतान्त्रीय दृष्टि देश और शासन मे स्थापित हुई थी उसका ध्यान इस ओर जाना स्वाभाविक ही था। यह जनवादी विचारधारा का ही एक रूप था जो यह स्वीकार करती थी कि सबसे अधिक उत्पीडित, उपेक्षित और शोषित को कलाकार की सहानुभूति नही चाहिए। भारतीय जन -जीवन का सच्ची चित्रण करने के लिए उसे निश्चित रूप से सभ्यता से दुर अनदेखे अंचलो और आत्मज्ञान जातियों के बीच पहुंचना होगा जहां भारतीय संस्कृति मूलत: एक होते हुंए भी अपने विशिष्टरूप से द्रष्टव्य है। परिणामस्वरूप युग-युग से उपेक्षित, शोषित और जर्जरित जन-जीवन को उसकी भौगोलिक संस्कृति के साथ जानने का सशक्त प्रयत्न हिन्दी उपन्यास मे हुआ। डॉ. रागेय राधव ने यकब तक पुकारू' की भूमिका मे आंचलिक उपन्यास के लिए उपयुक्त परिस्थितियों के सम्बन्ध मे लिखा है,'प्रेमचन्द के समय मे राष्ट्रीयता आन्दोलन के विदेशी के विरूद था अत: उस समय राष्ट्रीयात का ही महत्व उनके उपन्यासों मे मिलता हैं।प्रेमचन्द्र से आगे है और केवल शोषण का अधिक पहलू ही देखना काफी नही है - असली भारत गांव मे है जो अब भी मध्यकालीन विश्वासों से ग्रस्त है। वे विश्वास मध्यकालीन आर्थिक व्यवस्था से नियन्त्रित है। मैने उनको स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है।'

आंचलिक उपन्यासों मे प्रेमचन्द का पादुर्भाव आकस्मिक नही है। एक सुस्पष्ट ऐतिहासिक आवश्यकता के रूप मे उनका उदय हुआ । इस नवीन विधा के लिए पृष्ठभूमि तैयार हुई । इसके बाद उसमे बीजांकुरण हुआ और जीवन-संघष्र के रूप मे जो सामाजिक आर्थिक परिवर्तन की हवा वहां तक आयी, वह उसे और पल्लवित पुष्पित करती गयी।

आंचलिक उपन्यास मे प्रेमचन्द्र की परम्परा बहुत पुष्ट किन्तु भिन्न रूप में विकसित हुई। अपने सीमित परिवेश मे वह व्यापक दृष्टि की अभिव्यक्त है। आचंलिक उपन्यासों का प्राणलोक संस्कृति है जिस नवीन जीवन-बोधो

का आग्रह उपन्यास करते है। उन्हें करना नही हैं, अपनी विशिष्टता ओर अपने सम्पूर्ण व्यक्तित्व के साथ। वह आग्रह इसलिए है कि उनमे अंचल की संस्कृति जीवन–मान्यता, विश्वास, रहन सहन वेशभुषा जनभाषा का चित्रण हुआ वे अपने पूर्ववती उपन्यासों से आगे बढ़ गये। आंचलिक उपन्यास ने ह्यासोन्मुखी जीवन मूल्यो के स्थान पर नये सिद्धान्त, आदर्श ओर आस्था की प्रकट किया। स्थानीयता के स्पर्श से जन जीवन तो मुखरित हुआ ही, प्रकृति की सुषमा भी निखर उठी है। लोक–जीवन और लोक–भाषा की समृद्धि का आख्यान करते है ये आंचलिक उपन्यास।

निष्कर्ष – आंचलिक उपन्यासकार का यह मुख्य प्रयत्न होता है। कि उस अंचल की कथा प्रस्तुत करे जिस उपन्यास की पृष्ठभूमि बनाया है। अत: वह उपन्यास के यसेटिग पक्ष को उसके भौगोलिक, ऐतिहासिक, एवं सामजिक सन्दर्भा के साथ सामूहिक रूप में प्रस्तुत करना चाहता है जिससे व्यष्टि का नही बल्कि किसी विशिष्ट जीवन और परिस्थतियां को अधिक प्रामाणिक और विस्तार के साथ प्रस्तुत करते है जिनके अध्ययन से वर्णित प्रदेशो के जन जीवन का अच्छा ज्ञान प्राप्त हो सकता है ये उपन्यास सामाजिक जीवन के दस्तावेज माने जा सकते है और यह विशिष्टीकरण की प्रकिया से ही सम्भव हुआ है।

संन्दर्भ ग्रंथ सूची :–

1 डॉ. आदर्श सक्सेना : हिन्दी के आचलिक उपन्यास और उनकी शिल्पविधि
2 डॉ. नगीना जैन : आंचलिकता और हिन्दी उपन्यास
3 डॉ. इन्द्रप्रकाश पाण्डेय : हिन्दी के आंचलिक उपन्यासो में जीवन सत्य
4 डॉ. रामपत यादव : हिन्दी का आचलिक वातायान

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता का अध्ययन

प्रीति शर्मा * डॉ. गुंजन शर्मा **

*** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत**
**** सहायक आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत**

प्रस्तावना – समाज की अपेक्षाएँ भी शिक्षक से बहुत अधिक होती है जो भारत जैसे देश में प्राचीनकाल से गुरु–शिष्य परम्परा के आधार पर परखी जा सकती है। श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में जिन्होंने अपनी पहचान बनाई है।मनुष्य के जीवन में औपचारिक व अनौपचारिक रूप से शिक्षा निरन्तर चलती रहती है।शिक्षक अपने दायित्व के प्रति सतर्क है, तो शिक्षा की गुणवत्ता समाज में और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिबिम्बत होती है, क्योंकि शिक्षक शिक्षा और समाज के बीच पुल का कार्य करता है। विद्यार्थियों में देश का भौगोलिक परिवेश, देश की सांस्कृतिक अवधारणा तथा व्यावसायिक एवं औद्योगिक सोच जो विज्ञान एवं तकनीकी के रूप में साथ–साथ चलती है। इसके साथ शिक्षक अपने विषय में प्रतिदृष्टि जीवन की मनोवैज्ञानिक समझ अनुशासन के प्रति सर्तकता जो उसे वर्तमान संदर्भ के शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त होती है, जो शिक्षक को श्रेष्ठ श्रेणी प्रदान करती है।शिक्षक के सम्मुख एक महत्तवपूर्ण कार्य प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व एवं शारीरिक, बौद्धिक, कलात्मक तथा सृजनात्मक जैसे विभिन्न पक्षों में छिपी विशाल अन्त: शक्ति को जाग्रत करना है।

विद्यालयी शिक्षा के साथ–साथ महाविद्यालयी शिक्षा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की महत्तवपूर्ण कड़ी है। विद्यालयी शिक्षा का यह स्तर ऐसा मंच है जो एक ओर तो उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने के लिए और दूसरी ओर रोजगार एवं जीवनयापन के प्रवेश के लिए रास्ता खोलती है, क्योंकि इस शिक्षा से राष्ट्र के लक्ष्य निर्धारित होते है। हमारे देश की समृद्धि, सफलता और प्रकाशमय भविष्य माध्यमिक शिक्षा पर अवलम्बित होती है।

निर्णय क्षमता – निर्णय क्षमता एक तरह का समस्या समाधान व्यवहार होता है, जिसमें व्यक्ति के सामने कई विकल्प होते हैं जिनमें से किसी एक को चुनना होता है। एक ऐसा पहलू है जिसके आधार पर व्यक्ति सही विकल्प चयन की क्षमता रखता है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निर्णय क्षमता आवश्यक है। जीवन में संबंधित स्थितियों एवं समस्याओं का सामना करते हुए निर्णय लेने की आवश्यकता होती है।

निर्णयन एक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में किसी कार्य के सम्बन्ध में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चुनाव किया जाता है।

इसी तरह व्यवसायिक जगत में काम करने वाले प्रबन्धकों को भी अनेक निर्णय करने पड़ते हैं कुछ निर्णय दैनिक दिनचर्या के अंग होते हैं तो कुछ संस्था के सम्पूर्ण जीवन एवं अस्तित्व को प्रभावित करने वाले होते हैं।

निर्णय क्षमता एक मानसिक प्रक्रिया है, जिसमें किसी क्रिया को करने अथवा न करने के लिए सम्भावित समाधानों एवं विकल्पों में सर्वश्रेष्ठ विकल्प का निष्चितिकरण कर उसका चयन किया जाता है। तथा अनिश्चितता की स्थिति को निश्चितता में बदला जाता है।

भावी शिक्षक में निर्णय लेने की क्षमता का गुण विकसित होना भी आवश्यक है। शिक्षक केवल शिक्षण प्रक्रिया का ही अंग नहीं है बल्कि उसे विद्यालय समाज एवं व्यक्तिगत जीवन में प्रबन्धकीय कार्य करने होतें है। निर्णय क्षमता एक प्रबन्धकीय कार्यो का समानार्थी कार्य है। चूंकि एक शिक्षक को भी अपनी वृत्ति की क्रियाओं को प्रबन्धित करना पड़ता है। अत: उसमें भी निर्णय क्षमताओं का संज्ञान उच्च स्तर पर अपेक्षित है।

न्यादर्श– प्रस्तुत शोध कार्य के दत्त संकलन कार्य हेतु शोधकर्त्री द्वारा राजस्थान राज्य के हनुमानगढ़ जिले के निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के 400 शिक्षकों **(200 निजी विद्यालयों व 200 निजी महाविद्यालयों)**का चयन किया गया।

विधि– इस शोध अध्ययन में शोधकर्त्री ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया।

उपकरण– इस हेतु शोधकर्त्री द्वारा स्वनिर्मित उपकरण के रूप में **निर्णय क्षमता मापनी** का प्रयोग किया गया।

सांख्यिकी– शोध कार्य हेतु शोधकर्त्री द्वारा सांख्यिकी के रूप में मध्यमान, मानक विचलन एवं टी–टेस्ट का प्रयोग किया गया।

शोध के उद्देश्य–

1. निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता का अध्ययन करना।

विश्लेषण–

सारणी संख्या–1 (कला वर्ग)

समूह(शिक्षक)	संख्या	मध्य मान	प्रमाप विचलन	स्वतंत्रता की कोटि	टी मूल्य	सार्थकता स्तर
निजी विद्यालय	100	29.62	3.01	198	4.01	सार्थक
निजी महाविद्यालय	100	31.30	2.91			अन्तर है।

0.01 व 0.05 सार्थकता स्तर

परिणाम एवं व्याख्या–

सारणी संख्या 1के अनुसार निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता के प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 29.62 और 31.30 है। इन दोनों समूहों का मानक विचलन क्रमश: 3.01 और 2.91 है तथा दोनों के मध्यमानों के अन्तर का टी–मूल्य 4.01 है। यह टी–मान उपरोक्त सार्थकता स्तर के सारणी मान से अधिक है। ये मूल्य 198

स्वतंत्रता की कोटि हेतु 0.05 स्तर के विश्वास मूल्य 1.97 तथा 0.01 के विश्वास मूल्य 2.60 से अधिक है। अत: दोनों स्तरों पर सार्थक अन्तर है। निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता में अंतर प्राप्त हुआ है।

सारणी संख्या-2 (विज्ञान वर्ग)

समूह(शिक्षक)	संख्या	मध्य मान	प्रमाप विचलन	स्वतंत्रता की कोटि	टी मूल्य	सार्थकता स्तर
निजी विद्यालय	100	30.17	3.41	198	1.32	सार्थक अन्तर नहीं है।
निजी महाविद्यालय	100	30.75	2.75			

0.01 व 0.05 सार्थकता स्तर

परिणाम एवं व्याख्या-

सारणी संख्या 2 के अनुसार निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता के प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 30.17 और 30.75 है। इन दोनों समूहों का मानक विचलन क्रमश: 3.41 और 2.75 है तथा दोनों के मध्यमानों के अन्तर का टी-मूल्य 1.32 है। यह टी-मान उपरोक्त सार्थकता स्तर के सारणी मान से कम है। ये मूल्य 198 स्वतंत्रता की कोटि हेतु 0.05 स्तर के विश्वास मूल्य 1.97 तथा 0.01 के विश्वास मूल्य 2.60 से कम है। अत: दोनों स्तरों पर सार्थक अन्तर नहीं है। निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता मे कोई अंतर प्राप्त नहीं हुआ है।

अत: निर्धारित परिकल्पना'**निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है**' को कला वर्ग पर पूर्णत: अस्वीकृत किया जाता है तथा विज्ञान वर्ग पर पूर्णत: स्वीकृत किया जाता है। विद्यालयों की अपेक्षा महाविद्यालयों के कला वर्ग के शिक्षकों की निर्णय क्षमता के प्राप्तांक अधिक पाये गये। जबकि विज्ञान वर्ग के शिक्षकों की निर्णय क्षमता के प्राप्तांक लगभग समान पाया गया।

सारांश- अध्ययन के परिणाम से निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता पर प्रकाश डालने में मदद मिलेगी। यह शोध निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमताका अध्ययन करने में भी मदद करेगा।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. **अरोड़ा डॉ. रीता, मारवाह डॉ. सुदेश (2004-05),** शिक्षण एवं अधिगम के मनो सामाजिक आधार, जयपुर: शिक्षा प्रकाशन।
2. **अरोरा एवं ऐलनबाय (1999),**समूह निर्णय प्रक्रिया में व्यक्तिगत प्राथमिकता के प्रभाव का मापन। जर्नल ऑफ मार्केटिंग रिसर्च, 36(4),476-467.
3. **काबरा, एल. (1991),**अनुसूचित जाति एवं गैर अनुसूचित जाति बालिकाओं का उनकी पिछड़ेपन एवं व्यक्तित्व एवं वातावरण समायोजन के साथ लक्ष्य निर्धारण। पीएच. डी. थीसिस, एजुकेशन मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर, राजस्थान।
4. **कुशवाहा, ए.के. एवं हसन, बी.(2005),**व्यक्तित्व आयाम एवं लिंग के संदर्भ में कैरियर निर्णय। जर्नल ऑफ द इंडियन एकेडमी ऑफ एप्लाइड साइकांलॉजी, 31(2),77-82.
5. **ग्लास्टर, रोजी, पोलार्ड ऐमा, बटार्म, क्रिष्टिन, विलियम्स, जॉय (2013),** वयस्क व्यवसायिक निर्णय क्षमता: गुणात्मक शोध। डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस इनोवेषन एंड सिकिल्स, 1 विक्टोरिया स्ट्रीट, लंदन, 132.
6. **गेरिशन एण्ड क्रो (1973),** एज्यूकेशन साईक्लोजी, न्यू देहली।
7. **गेरिशन (1967),** शिक्षा मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग. न्यू देहली: कल्याणी पब्लिशर्स।
8. **गौड़, अनिता (2005),** बच्चों की प्रतिभा कैसे निखारे. नई दिल्ली: राज पाकेटबुक्स. पृष्ठ संख्या-14.
9. **चोपडा, पी. (2011),**उच्च एवं निम्न सृजनात्मक शिक्षक प्रशिक्षकों की निर्णय क्षमता शैली का अध्ययन। साइकोलिंग्वा, 41(1), 78-80.
10. **चौधरी, ए. एवं नागमणी, के.(2015),**उच्चतर माध्यमिक विद्धालय के प्राचार्यों की संवेगात्मक बुद्धि का निर्णय क्षमता के संबंध में अध्ययन। एडूट्रेक, 15(3), 25-30.
11. **ढोढियाल, एस. पाठक (1990),** शैक्षिक अनुसंधान का विधिशास्त्र जयपुर: राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी. पृष्ठ संख्या-51
12. **पाठक, पी.डी. (2007),** शिक्षा मनोविज्ञान. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर. पृ.सं. 245, 552, 450.
13. **बघेल, डी. एस. (2000),** सामाजिक अनुसंधान, आगरा: साहित्य भवन पब्लिशर्स।
14. **मित्तल, एम. एन. (2005),** शिक्षा के समाजशास्त्रीय आधार. मेरठ: इन्टरनेशल पब्लिशिंग हाउस. पृ. स.-293-296.
15. **मेहता, वी. आर. (2006),** उभरते भारतीय समाज में अध्यापक एवं शिक्षा, कोटा बीई. प्रथम कोटा खुला विश्वविद्यालय. पृष्ठ संख्या-71.
16. **मेहता, वी. आर.(2006),** अध्ययन पाठ्यक्रम अभिकल्प समिति: मूल्यपरक शिक्षा कोटा: कोटा खुला विश्वविद्यालय. पृष्ठ संख्या-70.
17. **राय, पी.एन.(1981),** अनुसंधान परिचय. चतुर्थ संस्करण. आगरा: विनोद पुस्तकमंदिर पृष्ठ संख्या-63.
18. **राय, पारसनाथ (2005).** अनुसंधान परिचय, आगरा: लक्ष्मीनारायण अग्रवाल पब्लिशर्स।
19. **सक्सेना, एन. आर. स्वरूप, चतुर्वेदी, शिखा (2007),** उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, पृष्ठ 1-22.
20. **सिद्धु, के.सी. (1985),***मैथडॉलोजी ऑफ रिसर्च इन एज्यूकेशन,* एटलिंग पब्लिषर्स।
21. **शर्मा, डॉ. आर.ए. (2013),** शिक्षा अनुसंधान के मूल तत्व एवं शोध प्रक्रिया, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
22. **सारस्वत, डॉ. मालती (1997),** शिक्षा मनोविज्ञान की रूपरेखा: आदत और शिक्षा, आगरा: विनोद पुस्तक मंदिर. पृ. स. 255.
23. **सुखिया, एस.पी. (1973),** शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. द्वितीय संस्करण, आगरा: विनोद पुस्तक मंदिर. पृष्ठ संख्या-487.
24. **हकीम, एम.ए. और अस्थाना, विपिन (1994),** मनोविज्ञान की शोध विधियाँ. आगरा: विनोद पुस्तक मंदिर. पृष्ठ संख्या-169.
25. **त्रिवेदी, आर.एन. एवं शुक्ला, डी.पी. (2008),** रिसर्च मैथ्डोलॉजी, जयपुर: कॉलेज बुक डिपो. पृ.सं. 321.

Journals & Magazines:-

1. भारतीय शिक्षा शोध, पत्रिका रिव्यू, अंक–22.
2. नई शिक्षा, राष्ट्रीय शैक्षिक संवाद की पत्रिका, वर्ष – 62 अंक – 5.
3. जर्नल ऑफ वैल्यू एजूकेशन, अंक–5, जनवरी व जुलाई, 2005.

Survey:-

1. Buch, M.B. (Ed.). First survey in Education.
2. Buch, M.B. (Ed.). Second survey in Education.
3. Buch, M.B. (Ed.). Third survey in Education.
4. Buch, M.B. (Ed.). Fourth survey in Education.
5. Buch, M.B. (Ed.). Fifth survey in Education

Webliography:-

1. www.ase.org.uk
2. www.shodhganga.inflibnet.ac.in
3. www.usq.edu.au/users/albino/papers/site99/1345.html
4. www.skills_nict.com.in
5. www.google.com
6. www.education.nic.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की विवाह, दहेज एवं एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन

डॉ. किरण गिल* पृथ्वी पाल सहारण**

* सह आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में 'अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की विवाह, दहेज एवं एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन' के सम्बन्ध का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के श्री गंगानगर व हनुमानगढ़ जिल के विभिन्न अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् कुल 600 विद्यार्थियों पर किया गया है। प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा निर्मित 'मैरेज एटीट्यूड स्केल', डॉ. आर.आर. शर्मा द्वारा निर्मित दहेज , डॉ. टी. एस. सोढ़ी व डॉ. जी. डी. शर्मा एकल परिवार का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विवाह, दहेज एवं एकल परिवार की अवधारणा में कोई सार्थक अन्तर नहीं हैं अर्थात समान है।

शब्द कुंजी –अकादमिक महाविद्यालय, विद्यार्थी, एकल परिवार, दहेज, विवाह की अवधारण।

प्रस्तावना – वर्तमान में भारत की प्रमुख सामाजिक समस्या अबाध गति से बढ़ती आबादी है जिसका एक प्रमुख कारण कम उम्र में विवाह है। आज स्नातक स्तर के उपरान्त विवाह के अवधारणा उत्पन्न हो रही है। शासन पर दबाव भी यही हे, लेकिन समाज में कम जागरूकता, परम्परा की तुलना में इसकी परवाह नहीं कर रहे हैं। इण्टरमीडिएट स्तर के विद्यार्थी 18 वर्ष तक के होते हैं। विवाह जितनी ही अधिक उम्र यानि 25 वर्ष तक हो तो जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या जनित समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। समस्या एवं परम्परा यह है कि माता–पिता पुत्रियों का विवाह शीघ्र करना चाहते हैं और पुत्रों की देर से। छात्र–छात्राएँ यदि देर से विवाह करने का निर्णय ले लें तो अभिभावक भी बदल सकते हैं। महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी, किशोरावस्था के अहम् बात में होकर अतिसंवेदनशील एवं भावुक होते हैं जिससे परिपक्व आत्मनिर्णय, दृढ़ संकल्प एवं परिवर्तन वाले होते हैं। इसलिए विद्यार्थियों की विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति की आवश्यकता प्रतीत हुई। क्योंकि यदि महाविद्यालय स्तर की अभिवृत्ति प्रबल मानी गई तो इसे बदलने की आवश्यकता विवाह द्वारा पडेगी। इस दृष्टि से यह अध्ययन महत्वपूर्ण है।

आज पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को महिला होने के नाते कई प्रकार की समस्याओं का आये दिन मुकाबला करना पड़ता है। इनमें से एक प्रमुख समस्या है– दहेज प्रथा। आज दहेज विवाह की एक आवश्यक शर्त हो गयी है। प्राचीन समय में दहेज माता–पिता स्नेहवश देते थे किन्तु आज यह दहेज वर मूल्य बन गया है।

'यत्र नारियस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता।'

